कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष 8 अंक 35 मूल्य ₹ 3.00 पृष्ठ 12 नगर संस्करण लखनऊ से प्रकाशित

सोमवार, 04 मार्च 2019
लखनऊ
चतुर्दशी, फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, विक्रम सम्वत् 2075

विंडीज ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराया 10

डोनाल्ड ट्रंप ने दिया झटका, हो सकता है बड़ा नुकसान 12

नए शोध कार्यों को बढ़ावा देने की जरूरत

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ । तकनीकि का उपयोग कर आम आदमी का जीवन खुशहाल बनाया जा सकता है। तकनीकि का प्रयोग बढ़े, इसके लिए सभी को मिलजुल कर प्रयास करने होंगे। नए-नए अनुसंधान को बढ़ावा देना होगा। यह बात स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के परिसर में विकासशील अर्थव्यवस्था से विकसित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन विषयक दो दिवसीय नवें राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ के मौके पर कहीं गई। सम्मेलन में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों ने सूचनाओं का आदान-प्रदान किया। अपने शोध के बारे में एक दूसरे को जानकारी दी। संस्थान के महानिदेशक तकनीकि प्रो. बीआर सिंह ने संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी दी। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि के तौर पर टाटा मोटर्स लिमिटेड के प्रेसिडेंट एसआर गजेंद्र चंदेल ने किया। इस मौके पर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। संस्कृत विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. राना सिंह ने भी केंद्र सरकार की शैक्षणिक नीतियों के बारे में चर्चा की। इस मौके पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।